MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

// UNIVERSITY LIBRARY //

-: NEWS CLIPPING SERVICE -:

DATE:25 MARCH 2026

दैनिक भास्कर भोपाल 25-03-2026

एमसीयू में सिनेब्रेशन 3.0 फिल्म फेस्टिवल आज से

सिटी रिपोर्टर • माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के चलचित्र विभाग द्वारा सिनेब्रेशन 3.0 कार्यक्रम का आयोजन 25 एवं 26 मार्च को किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में दो दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन 25 मार्च को दोपहर 12.00 बजे प्रख्यात अभिनेता राजीव वर्मा, एमपीएसडी के निदेशक संजय श्रीवास्तव एवं विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चलचित्र विभाग के अतिरिक्त अन्य मीडिया विभागों के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टीवल के अंतर्गत भारत के विभिन्न राज्यों से प्राप्त फिल्मों तथा अंतरराष्ट्रीय फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। फिल्म स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म विशेषज्ञों की मास्टर क्लास एवं संवाद सत्रों का आयोजन भी किया जाएगा।

एमसीयू में 'सिनेब्रेशन 3.0' फिल्म फेस्टिवल आज से

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के चलचित्र विभाग द्वारा 'सिनेब्रेशन 3.0' फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 25 एवं 26 मार्च को गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में किया जा रहा है।

दो दिवसीय इस आयोजन में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल भी आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 25 मार्च को दोपहर 12 बजे प्रख्यात अभिनेता राजीव वर्मा, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव तथा विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की उपस्थिति में होगा। इस फेस्टिवल में चलचित्र विभाग सहित अन्य मीडिया विभागों के विद्यार्थियों की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों और अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिल्मों की स्क्रीनिंग भी होगी। फिल्म प्रदर्शन के दौरान विशेषज्ञों द्वारा मास्टर क्लास और संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण की बारीकियां सीखने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में फिल्मों के पोस्टर की प्रदर्शनी, सिनेमा विषयक पुस्तकों की प्रदर्शनी तथा आधुनिक कैमरों और उपकरणों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा।